आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 23.12.2024

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- आगामी यात्राकाल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्‌देश्य से केदारनाथ धाम में दो चिकित्सालयों का निर्माण कार्य जारी।
- आंकाक्षी ब्लॉक के तहत उत्तरकाशी के मोरी ब्लॉक को देशभर में 44वां स्थान मिला।
- और, प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में आज बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

नियुक्ति पत्र वितरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों का बधाई देते हुए कहा कि पिछले दस सालों में सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार दिया है। बीते डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है ये अपने आप में रिकॉर्ड ळें श्री मोदी ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निमार्ण का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा आत्मविश्वास से भरा है वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। देहरादून में केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने आज आईटीबीपी द्वारा आयोजित रोजगार मेले का उद्‌घाटन किया।

संबोधन – स्वास्थ्य मंत्री

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है और अब उत्तराखंड को अन्य प्रदेशों के लिए विकास का मॉडल माना जा रहा है। वे चमोली जिले के गोपेश्वर में बंड विकास, औद्योगिक, पर्यटन, किसान और सांस्कृतिक मेले में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डॉक्टर रावत ने नौ करोड़ पचास लाख रुपए से

अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और ढाई करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर देते हुए डॉ रावत ने कहा कि जल्द ही सिमली बेस अस्पताल को पूरा स्टॉफ मिल जाएगा। उन्होंने अस्पताल में गाइनोकोलॉजिस्ट की मांग पर दो विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध कराने की बात भी कही।

केदारनाथ यात्रा

विश्व प्रसिद्ध धाम केदारनाथ में स्वास्थ्य विभाग और विवेकानंद चैरिटेबल ट्रस्ट दो अलग–अलग अस्पताल बना रहे हैं। दोनों ही अस्पतालों में प्राथमिक और आपात चिकित्सा की सुविधांए उपलब्ध कराई जांएगी। साथ ही यहां पैथोलॉजी लैब की सुविधा भी होगी। इससे केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। धाम में स्वास्थ्य विभाग तीन मंजिला अस्पताल भवन का निर्माण कर रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। इसमें चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टॉफ के आवास की व्यवस्था करने की योजना भी है। दूसरी तरफ, केदारनाथ में विवेकानंद चैरिटेबल ट्रस्ट भी तीन मंजिला अस्पताल भवन का निर्माण कर रहा है। इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एक्स–रे सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। चिकित्सा टीम के प्रभारी कैंप्टन सोवन सिंह बिष्ट ने बताया कि मौसम ने साथ दिया तो 15 जनवरी तक अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा।

सत्यापन अभियान

हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देश पर पुलिस द्वारा किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एक हजार 385 लोगों का सत्यापन किया गया। किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर 71 मकान मालिकों पर 6 लाख 80 हजार रुपये का कोर्ट चालान किया गया और 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही 38 व्यक्तियों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया।

आकांक्षी ब्लॉक रैंकिंग

उत्तरकाशी जिले के मोरी ब्लाक ने आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मोरी ब्लाक को राज्य में दूसरा और देशभर के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में 44वां स्थान मिला है। यह उपलब्धि समग्र विकास के लिए नीति आयोग द्वारा तय किए गए मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के कारण हासिल हुई है। मोरी ब्लाक का चयन सितंबर 2023 में आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत किया गया था, जब इसे

समग्र विकास में पिछड़ेपन के कारण चिह्नित किया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन के सहयोग से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नीति आयोग द्वारा हाल ही में जारी डेल्टा रैंकिंग में मोरी ब्लाक को देशभर में 44वां और राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इससे पहले मोरी ब्लाक की रैंकिंग देशभर में 239 थी। इस सफलता के पीछे स्थानीय स्तर पर प्रभावी समन्वय, नवीनतम तकनीकों का उपयोग, और डेटा संचालित निर्णय लेने की सर्वोत्तम पद्धतियां शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी एस०एल सेमवाल ने कहा कि इस सफलता में जिले और ब्लाक की पूरी टीम, संबंधित विभागों के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग का बड़ा योगदान है। यह सफलता उत्तरकाशी जिले के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत विकास की दिशा में एक नई उम्मीद और प्रेरणा का संचार करती है।

## मौसम

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में आज बर्फबारी की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस बीच, राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश शुरू हो गई है, जिसके कारण ठंड में और बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से मौसम और भी ठंडा हो सकता है।

## सर्दी से बचाव

सर्दियों के मौसम में निराश्रित और बेसहारा लोगों की सहायता के लिए देहरादून जिला प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है। राजधानी में विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही साथ बेघर लोगों को रैन बसेरों में ठहराया गया है। जिलाधिकारी संविन बंसल ने बताया कि अलाव की व्यवस्था के साथ–साथ जगह–जगह गरीबों को कंबल भी बांटे जा रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अत्यधिक सर्दी के वक्त सभी व्यवस्थाओं को और दुरुस्त रखा जाए ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

शीतकालीन यात्रा

शीतकालीन यात्रा को लेकर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि तीर्थयात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि शीतकालीन यात्रा न केवल तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं। इस यात्रा से क्षेत्र की आर्थिकी को मजबूती मिल रही है।

शिविर आयोजन

हरिद्वार में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित बहुद्देश्य विधिक सेवा और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने किया। शिविर में विधिक साक्षरता के महत्व पर जोर दिया गया और समाज के विभिन्न वर्गों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर वृद्धवस्था पेंशन, विकलांगों को ट्राय साइकिल, विधवा पेंशन और अन्य लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। इसके अलावा, 28 यूनिट रक्तदान भी किया गया। शिविर में कुल 61 विभागों ने भाग लिया।

मेला

रुद्रप्रयाग के खेल मैदान अगस्तयमुनि में पांच दिवसीय मंदाकिनी शरदोत्सव कृषि औद्योगिक विकास मेला आज से शुरू हो रहा है। मेला आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। इस बार मेला में रात्रि कार्यक्रम नहीं होंगे। साथ ही खेल मैदान में चल रहे निर्माण कार्यों के चलते खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित नहीं होंगी।